# कृष्णमृग की संख्या में वृद्धि

भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के एक नए अध्ययन के अनुसार, **भारत में कृष्णमृग (Blackbuck) ने अपने अस्तित्व के लिये प्राकृतिक और मानव जनित खतरों के बावजूद स्वयं को सफलतापूर्वक अनुकूलित कर लिया है।**

- भारत भर में घास के मैदानों में बड़े पैमाने पर कमी आने के बावजूद, **आँकड़े बताते हैं कि हाल के वर्षों में कृष्णमृग की संख्या में वृद्धि हुई है।**

## कृष्णमृग या काला हरिण (Blackbuck):

- **परिचय:**
  - **कृष्णमृग का वैज्ञानिक नाम '*Antilope cervicapra*' है, जिसे 'भारतीय मृग' (Indian Antelope)** के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत और नेपाल में मूल रूप से स्थानिक मृग की एक प्रजाति है।
    - ये **राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और अन्य क्षेत्रों (संपूर्ण प्रायद्वीपीय भारत) में** व्यापक रूप से पाए जाते हैं।
  - ये घास के मैदानों में सर्वाधिक पाए जाते हैं अर्थात् इसे **घास के मैदान का प्रतीक** माना जाता है।
  - कृष्णमृग एक **दैनंदिनी मृग (Diurnal Antelope) है अर्थात् यह मुख्य रूप से दिन के समय ज़्यादातर सक्रिय** रहता है।
- **मान्यता:**
  - इसे **पंजाब, हरियाणा और आंध्र प्रदेश का राजकीय पशु** घोषित किया गया है।
- **सांस्कृतिक महत्त्व:**
  - यह **हिंदू धर्म के लिये पवित्रता का प्रतीक** है क्योंकि इसकी त्वचा और सींग को पवित्र वस्तु माना जाता है। **बौद्ध धर्म** के लिये **यह सौभाग्य का प्रतीक** है।
- **सुरक्षा की स्थिति:**
  - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 अनुसूची
  - **IUCN स्थिति:** कम चिंतनीय
  - **CITIES:** परिशिष्ट III
- **चिंताएँ:**
  - आवास विखंडन, **वनों की कटाई**, **प्राकृतिक आपदाएँ**, अवैध शिकार।
- **संबंधित संरक्षित क्षेत्र:**
  - वेलावदार ब्लैकबक अभयारण्य- गुजरात
  - प्वाइंट कैलिमिर वन्यजीव अभयारण्य- तमिलनाडु
  - वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने प्रयागराज के पास ट्रांस-यमुना बेल्ट में ब्लैकबक **संरक्षण रिज़र्व** स्थापित करने की योजना को मंज़ूरी दी थी। **यह ब्लैकबक को समर्पित पहला संरक्षण रिज़र्व होगा।**
  - **ताल छापर अभयारण्य**- राजस्थान

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. भारतीय अनूप मृग (बारहसिंगा) की उस उपजाति, जो पक्की भूमि पर फलती-फूलती है और केवल घासभक्षी है, के संरक्षण के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा संरक्षित क्षेत्र प्रसिद्ध है? (2020)**

(a) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
(b) मानस राष्ट्रीय उद्यान
(c) मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य
(d) ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- मध्य प्रदेश के राज्य पशु अनूप मृग या बारहसघिा (Rucervus duvauceli) के संरक्षण हेतु उन्हें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रज़िर्व (KNPTR) में लाया जा रहा है।
- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में अनूप मृग वलिुप्त होने के करीब था। हालाँकि संरक्षण प्रयासों के चलते वर्तमान में इसकी जनसंख्या लगभग 800 है।
- यह हरिण सतपुड़ा पहाड़ियों की मैकाल श्रेणी पर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रज़िर्व की स्थानकि है। यहाँ कैप्टवि प्रजनन एवं आवास सुधार जैसे उपायों अपनाया गया था।

**अतः वकिल्प (a) सही है।**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/increase-in-blackbuck-population